# नव भारत

1934 से




5 सिर्फ हथियार से नहीं होगी जीत



6 भारत की जलविद्युत योजनाओं में पाक का अड़ंगा



7 वैश्विक संकट के बीच बढ़ा भारतीय निर्यात



8 खिलाड़ियों को नहीं मिल रहा सम्मानः सिनर

## एक नजर में



### सीएम डॉ. यादव ने सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पश्चिम बंगाल में सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने पर सुवेन्दु अधिकारी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में नवनिर्वाचित सरकार में अब पश्चिम बंगाल राज्य की दशा और दिशा बदलने जा रही है.

### तमिलनाडु के नए सीएम बनेंगे अभिनेता विजय

**चेन्नई.** तमिलनाडु में अभिनेता और टीवीके के प्रमुख विजय को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सरकार बनाने का न्यौता दिया है. विजय कल मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं. विजय ने लगातार तीसरे दिन राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया. उन्होंने टीवीके, कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई (एम) और वीसीके के कुल 118 विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा।

# सुवेंदु बंगाल के 'अधिकारी'


## बोले अमित शाह-मुख्यमंत्री के रूप में सुवेंदु को चुना गया नेता

**321** कार्यकर्ताओं को खोकर हमने सत्ता हासिल की है

**1950** से चल रही थी बंगाल में वैचारिक यात्रा

**कोलकाता, 08 मई. जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भूमि पर बीजेपी की पहली सरकार बंगाल में बनने जा रही है, कोलकाता के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विधायक दल की बैठक में सुवेंदु को नेता चुना गया और अचुनाव नहीं अमित शाह ने इस ऐतिहासिक क्षण का औपचारिक ऐलान किया.**

शपथ ग्रहण समारोह आज सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा, जिसमें पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा शासित राज्य के सभी मुख्यमंत्री और कई बड़े नेता भी मौजूद रहेंगे. शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी के शासन में अपराधी राजनेता बन गए थे, जिससे विकास की गुंजाइश समाप्त हो गई थी. उन्होंने कहा जो उद्योग बंद पड़े हैं उनको शुरू किया जाएगा. अब नए बंगाल का निर्माण होने जा रहा है. ममता ने हार छिपाने के लिए वोट चोरी का आरोप लगाया है. अगर पश्चिम बंगाल की सीमा सुरक्षित है, तो देश भी सुरक्षित रहेगा. बंगाल में इस चुनाव के दौरान भाजपा के 321 कार्यकर्ताओं को जान गंवाने के बाद तब जाकर हम सत्ता में आए हैं. इस मौके पर सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि अब सरकार बनने के बाद बंगाल में हिंसा कम हो जाएगी. बंगाल पर अभी 7 लाख करोड़ का कर्ज है। सुवेंदु ने पीएम मोदी का दुनिया का सर्वश्रेष्ठ नेता बताते हुए उनका धन्यवाद किया.उन्होंने भरोसा दिलाया कि कुछ ही महीनों में बंगाल की राजनीति और प्रशासन में सुधार होगा.



### भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ

सुवेंदु अधिकारी की जीत का राजनीतिक और प्रतीकात्मक महत्व दोनों है. 56 वर्षीय सुवेंदु ने भवानीपुर और नंदीग्राम से लगातार दूसरी बार जीत दर्ज की और भवानीपुर में ममता को पराजित किया. सुवेंदु अधिकारी ने 2021 में भवानीपुर से जीत हासिल की. सुवेंदु पहली बार 2014 में सांसद बने थे. वहीं, 2016 में नंदीग्राम से पहली बार सांसद चुने गए. 1998 में कांग्रेस से इस्तीफा देकर टीएमसी में आए. भाजपा ने विधानसभा चुनाव में कुल 207 सीटें जीतकर राज्य में प्रचंड बहुमत बनाया. शाह ने इस जीत को पार्टी की 1950 से चल रही वैचारिक यात्रा से जोड़ते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों का जिक्र किया. सुवेंदु अधिकारी और अमित शाह ने कोलकाता एयरपोर्ट से दक्षिणेश्वर काली मंदिर तक कार यात्रा की, जहां उन्होंने दर्शन और आरती की. शाह ने कहा कि आज बंगाल में भाजपा का झंडा फहराने का सपना पूरा हुआ और जनता ने पार्टी पर भरोसा जताया.

# बहुत हो चुका, मंत्री विजय शाह पर कार्रवाई जरूरी

- कर्नल सोफिया कुरैशी वाले केस में सुको में नाराजगी
- राज्य सरकार को मंजूरी देने में देरी नहीं करनी चाहिए थी



**नई दिल्ली, 08 मई. मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत हो चुका है. अब तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए.**

मामला तब शुरू हुआ जब शाह ने कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन कह दिया. उनके इस बयान के खिलाफ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया और पुलिस को मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिये. सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मंत्री का इरादा महिला अधिकारी की तारीफ करना था, लेकिन वह ठीक से व्यक्त नहीं कर पाए. इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि यह दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण था.उन्होंने कहा कि नेता होने के नाते मंत्री को महिला अधिकारी की तारीफ करने का तरीका पता होना चाहिए. जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि राज्य सरकार को मंजूरी देने में देरी नहीं करनी चाहिए थी. सुप्रीम कोर्ट ने मामले को चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया और राज्य सरकार को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. कोर्ट पहले ही 19 जनवरी को राज्य सरकार को दो सप्ताह में फैसला लेने का निर्देश दे चुका था.

## गुस्ताखी माफ




# युवती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**मंडीदीप, 8 मई. मंडीदीप पुलिस ने 24 घंटे के भीतर युवती की हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. बुधवार को प्रेमनगर मंडीदीप में आरोपी मनोज अहिरवार ( 26 ) ने धारदार कटर/चाकू से युवती के गले पर वार कर उसकी निर्मम हत्या कर दी थी और फरार हो गया. घटना में बीच-बचाव करने आई मृतिका की मां को भी आरोपी ने घायल कर दिया था.**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस औबेदुल्लागंज शीला सुराना के नेतृत्व में थाना प्रभारी मंडीदीप निरीक्षक रंजीत सराठे द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित की गई.पुलिस टीमों द्वारा मुखबिर सूचना एवं संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर लगातार प्रयास किए गए. मामले की प्रत्येक कड़ी को जोड़ते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.



पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतिका को पूर्व से जानता था तथा दोनों के बीच प्रेम संबंध थे. घटना दिनांक को आरोपी मृतिका से मिलने उसके घर पहुंचा था और उसे अपनी दूसरी पत्नी के रूप में रखना चाहता था, जिस पर मृतिका द्वारा मना करने से दोनों के बीच विवाद हो गया. इसी बात से गुस्साए आरोपी ने अपने पास रखे कटर से मृतिका पर हमला कर दिया. बीच-बचाव करने आई मृतिका की माता पर भी हमला कर दिया था. आरोपी मनोज अहिरवार पिता भारत अहिरवार निवासी ग्राम भैरोपुर अहमदपुर, जिला सीहोर को न्यायालय में पेश किया गया.

# लाखों उम्मीदवारों का इंतजार खत्म, एनडीए 1 रिजल्ट आउट

**नई दिल्ली, 8 मई.** लाखों उम्मीदवारों का इंतजार खत्म हुआ है.संघ लोक सेवा आयोग ने एनडीए + एनए (1) 2026 लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है. 12 अप्रैल 2026 को आयोजित इस परीक्षा में शामिल उम्मीदवार अब यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जाकर पीडीएफ डाउनलोड कर अपना रोल नंबर चेक कर सकते हैं. इस बार एनडीए भर्ती के जरिए कुल 394 पदों पर भर्ती की जाएगी, जिसमें आर्मी, नेवी, एयरफोर्स और नेवल अकादमी के अवसर शामिल हैं. यूपीएससी ने चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किए हैं. जो उम्मीदवार अपने रोल नंबर को पीडीएफ में पाएंगे, उन्हें एसएसबी इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा. एसएसबी इंटरव्यू पांच दिन की प्रक्रिया है जिसमें उम्मीदवार की बुद्धिमत्ता, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व और निर्णय लेने की क्षमता को परखा जाता है. उम्मीदवारों को रिजल्ट जारी होने के दो सप्ताह के भीतर एसएसबी रजिस्ट्रेशन पूरा करना होगा.






# डीआरडीओ ने स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली टारा का किया सफल परीक्षण

**नयी दिल्ली, 08 मई. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ( डीआरडीओ ) और भारतीय वायु सेना ने पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑगमेंटेशन ( टारा ) का सफल परीक्षण किया है. रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह परीक्षण गुरुवार को ओडिशा तट के पास किया गया.**

टारा, एक मॉड्यूलर रेंज एक्सटेंशन किट है, जो भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो बिना मार्गदर्शन वाले वारहेड को सटीक निर्देशित हथियार में परिवर्तित करती है.टारा को हैदराबाद स्थित रिसर्च सेंटर इमारत तथा डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है, ताकि कम




लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाकर भूमि आधारित लक्ष्यों को निष्क्रिय किया जा सके. यह कम लागत वाली अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग करने वाला पहला ग्लाइड हथियार है. इस किट का विकास डेवलपमेंट कम प्रोडक्शन पार्टनर्स और अन्य भारतीय उद्योगों के सहयोग से किया गया है, जिन्होंने उत्पादन गतिविधियां भी शुरू कर दी हैं. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना, डीसीपीपी और उद्योग जगत को इस पहले उड़ान परीक्षण की सफलता पर बधाई दी.

# अमेरिकी अदालत ने ट्रंप के टैरिफ को किया रद्द

**वॉशिंगटन, 08 मई. अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस व्यापक कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके तहत कई देशों से आने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था. अदालत ने फैसला सुनाया कि राष्ट्रपति ने इन करों को लागू करने के लिए कांग्रेस ( संसद ) को दरकिनार कर अपने संवैधानिक अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया है.**

इस फैसले को कानूनी चुनौती हजारों व्यवसायों का प्रतिनिधित्व करने वाले कई प्रमुख अमेरिकी व्यापार संघों ने दी थी. अदालत संघों के इस तर्क से सहमत थी कि राष्ट्रपति विधायी मंजूरी के बिना एकतरफा रूप से



राष्ट्रपति ने जजों को 'बर्खास्त' करने की दी चेतावनी


इतने बड़े आर्थिक उपाय लागू नहीं कर सकते. इस निर्णय ने प्रभावी रूप से उन शुल्कों पर रोक लगा दी है, जो अरबों डॉलर के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को प्रभावित करने वाले थे. ट्रंप ने न्यायपालिका पर तीखा हमला करते हुए इस पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी.

**गंभीर मामला** | सुप्रीम कोर्ट में बोहरा लड़कियों के खतना पर चल रही बहस

# आखिरकार इस पर कानून क्यों नहीं बना : सुको

**नई दिल्ली, 08 मई. सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को दाऊदी बोहरा समुदाय में छोटी बच्चियों के खतना ( फिमेल जनिटल कटरिंग ) की प्रथा पर गंभीर बहस हुई. मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ जजों की बेंच ने की, जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे.**

एक दाऊदी बोहरा महिला ने अदालत में बताया कि खतना



के दौरान बच्चियों को अत्यधिक शारीरिक और मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ता है. हजारों नसें क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे स्वास्थ्य को गंभीर खतरा होता है और उनकी गरिमा प्रभावित होती है. महिला ने यह भी कहा कि यह ट्रॉमा पूरे जीवन पर असर डालता है। महिला की ओर से पेश वकील सिद्धार्थ लूथरा ने बताया कि खतना 7 साल की बच्चियों के साथ किया जाता है, और इस मामले में सहमति की बात तो सवाल ही नहीं. परिजन सामाजिक दबाव और बहिष्कार के डर से चुप रहते हैं. अदालत को बताया गया कि यह केवल एक सामाजिक प्रथा नहीं है, बल्कि संवैधानिक और आपराधिक दायरे में आने वाला मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस जॉयमाल्या बागची ने हैरानी जताई कि इस प्रथा के खिलाफ कानून अब तक क्यों नहीं बना.

> चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने भी इस मामले की गंभीरता पर जोर दिया. अदालत ने कहा कि इस तरह की प्रथा को रोकने और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का अधिकार सरकार के पास है. सुप्रीम कोर्ट ने संकेत दिया कि इस मामले में न सिर्फ कानून बनाना जरूरी है, बल्कि बच्चियों के अधिकार और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे तुरंत लागू किया जाना चाहिए।